जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

23 दिसंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति ने दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र में छात्र प्रेरणा एवं अभिनंदन कार्यक्रम में "शिक्षार्थियों से अपने शैक्षणिक सफर में मानवता एवं नैतिकता के मूल्यों को अपनाने" का आग्रह किया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ने दिनांक 21 दिसंबर, 2024 को विश्वविद्यालय के डॉ. एम.ए. अंसारी सभागार में अपना छात्र प्रेरणा एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के माननीय कुलपति प्रो. मजहर आसिफ उपस्थित रहे । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) के संयुक्त सचिव डॉ. मधुकर मारू वावरे और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी विशिष्ट अतिथि रहे । कार्यक्रम का आयोजन दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. मोशाहिद आलम रिजवी के मार्गदर्शन में किया गया जिनके अथक प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल हो सका।

अपने बीज वक्तव्य में कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने अपने ज्ञान से विद्यार्थियों को प्रेरित किया और उनसे उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र को नए शैक्षणिक रास्ते तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया और यू.जी.सी.-केयर सूचीबद्ध होने की क्षमता वाली एक शोध पत्रिका शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत की सराहना की और विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के समानांतर मानवता और नैतिकता के मूल्यों को आत्मसात करने पर भी बल दिया ।

दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. मोशाहिद आलम रिजवी ने अपने उद्बोधन में ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने शैक्षिक अंतराल को पाटने और लचीले अवसरों के साथ विद्यार्थियों को सशक्त बनाने में केंद्र की भूमिका पर रोशनी डाली ।

डॉ. मधुकर मारू वावरे ने दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र की भावी पहलों के लिए अटूट समर्थन का वचन दिया और ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा में नवाचार के महत्व पर बल दिया।

प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और केंद्र की दक्षता बढ़ाने के प्रयासों का आश्वासन दिया जिससे इसकी परिचालन उत्कृष्टता को बल मिलेगा ।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के 12 उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान था जिनमें दो स्नातक शामिल हैं जो प्रतिष्ठित भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए। उनकी उपलब्धियों को शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति और बड़ी उपलब्धि हासिल करने में दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र संकाय सदस्यों द्वारा किए गए प्रयासों के प्रमाण के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का समापन कृतज्ञता ज्ञापन और राष्ट्रगान के गायन के साथ हुआ जिससे दर्शकों को अपनी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक यात्रा में अधिक से अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया